तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3
जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण के कार्य में मिली सड़कों के अधूरे निर्माण की रिपोर्ट



## खबर संक्षेप

### नगर निगम का विशेष सम्मेलन आज

**कोरबा।** नगर पालिक निगम का विशेष सम्मेलन 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार रामपुर कोरबा में आयोजित किया गया है। निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की उपस्थिति में आयोजित उक्त विशेष सम्मिलन में महिला सशक्तीकरण हेतु संचालित जनजागरूकता अभियान कार्यक्रम की महत्ता पर विशेष चर्चा की जाएगी तथा सदन द्वारा संकल्प पारित किया जाएगा।

### 1 मई को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 1 मई को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उक्त तिथि में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं।

### गर्मी में बढ़ी परेशानी, एटीएम कक्ष का एसी खराब

**कोरबा।** नेहरू नगर कुसमुंडा स्थित एसबीआई बैंक की शाखा के पास एटीएम भी संचालित है। इस एटीएम मशीन के कक्ष में लगे एसी लगभग महीनेभर से खराब हो गई है। इसका सुधार कार्य नहीं करा रहे हैं। एटीएम मशीन में रुपए निकालने भीड़ लगने पर ग्राहकों को भीषण गर्मी में परेशानी होती है। आदर्श नगर, नेहरू नगर कॉलोनी में रहने वाले कोयला कर्मियों के साथ ही मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीर एटीएम मशीन का उपयोग करते हैं। इस कारण एटीएम कार्ड से मशीन से रुपए निकालने के लिए भीड़ लगती है। आए दिन एटीएम मशीन में कैश नहीं होने की समस्या से भी उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

### नीट परीक्षा के दौरान निगरानी रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। जिला समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं एवं अधिकारियों की ड्यूटी की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती के साथ ही फ्लाइंग स्क्वॉड की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी एवं सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने, संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम हेतु नियमित पेट्रोलिंग कराने तथा प्रश्नपत्र को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित लाने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं को सुरक्षित जमा कराने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर कौशल तेंदुलकर, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेक्टर अधिकारी एवं नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा नगरपालिका के उप निर्वाचन 2026 हेतु नगरपालिका परिषद दीपका के जोन मुख्यालय दीपका में शामिल वार्ड क्रमांक 15 के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 प्राथमिक शाला भवन जूनाडीह क.नं. 02 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 22 प्राथमिक शाला भवन जूनाडीह क.नं. 03 के लिए उप अभियंता नगर पालिका परिषद दीपका नारायण आदित्य मो.नं. 9131346031 को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।



घर के सामने रखे मृतकों शव।



निवास स्थान के बाहर लगी लोगों की भीड़।

### पुत्री के रिसेप्शन में शामिल होकर पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से लौट रहे थे कोरबा

# मां, बेटे व नाती की एक साथ उठी अर्थी, बस्ती में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के टेंट कारोबारी का परिवार शादी समारोह के उपरांत अपने बेटी के ससुराल में रिसेप्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चांपा गये हुए थे। जहां से देर रात को चांपा से कोरबा वापस लौटते समय

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम फरसवानी के समीप देर रात को हुआ हादसा, तीन घायल

फरसवानी के समीप उनकी तेज रफ्तार कार नियंत्रित होकर एक ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार मां, बेटा व नाती की एक साथ तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एक साथ एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से शहर में मातम छाया रहा।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 कांशीनगर बस्ती में विरेंद्र सोनी व जितेंद्र सोनी निवास करता है। बताया जाता है कि 26 फरवरी को जितेंद्र सोनी की पुत्री राजनंदनी का विवाह शहर के एक होटल में संपन्न हुआ था जिसके बाद 27 अप्रैल को जिला जांजगीर चांपा में रिसेप्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांशीनगर से सोनी परिवार 4 से 5 कार में सवार होकर चांपा गये हुए थे जहां पुत्री के रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने के बाद देर को सोनी परिवार चांपा से अलग अलग कार में सवार होकर चांपा से कोरबा के लिए रवाना हुए थे इस दौरान देर रात लगभग 3 बजे कार क्रमांक सीजी 04 एलएस 3201 में सवार सभी लोग फरसवानी के समीप पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के होने के बाद परिवार के अन्य सदस्य जो पीछे कार से आ रहे उन्होंने कार को रोका और सभी लोगों को उपचार के लिए चांपा के विभिन्न अस्पतालों में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत देवेंद्र सोनी पिता विरेंद्र सोनी उम्र 21 वर्ष, मोंगरा सोनी 45 वर्ष पति विरेंद्र सोनी एवं श्रेयंश सोनी पिता राहुल सोनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं उसमें से राहुल सोनी की हालत गंभीर बतायी जा रही है जिसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। जैसे ही सुबह शहर में पता चला कि सड़क हादसे में सोनी परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। कांशीनगर बस्ती सहित उनके शुभचिंतकों में मातम छा गया।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।







मृतक।



दुर्घटनाकारित वाहन।

### झपकी आने से हादसा होने की जतायी जा रही संभावना

बताया जाता है कि देर रात को चांपा में रिसेप्शन पार्टी संपन्न होने के बाद सोनी परिवार अलग-अलग कार में सवार होकर चांपा से कोरबा के लिए रवाना हुए थे इस दौरान कर उनका पुत्र देवेंद्र सोनी कार चला रहा था। इस दौरान उसे संभवतः नींद की झपकी आयी होगी जिससे उसकी तेज रफ्तार कार सीधे डिवाइडर से टकराते हुए एक ट्रेलर से जा टकराई। अक्सर यह देखा जाता है कि गर्मी व शादी के सीजन में इस तरह की घटना सामने आती है। क्योंकि लोग शादी में नींद पूरी नहीं कर पाते हैं और चौथिया या रिसेप्शन पार्टी में आने जाने के दौरान इस तरह के गंभीर हादसे के शिकार हो जाते हैं।

### बड़े भाई की पुत्री की 26 अप्रैल को हुई थी शादी

बताया जाता है कि कांशीनगर निवासी जितेंद्र सोनी व विरेंद्र सोनी दोनों सगे भाई हैं जो शहर में टेंट का काम करते हैं। जितेंद्र सोनी बड़ा भाई है जिसकी पुत्री राजनंदनी की शादी 26 अप्रैल को शहर के टॉप इन टाउन में शादी हुई थी। जिसके बाद 27 अप्रैल को पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा में रिसेप्शन पार्टी था। इस अवसर पर सोनी परिवार के सदस्य पार्टी में शामिल होने के लिए गए हुए थे। जहां देर रात को पार्टी में शामिल होने के बाद अलग अलग कार में वापस कोरबा आ रहे थे कि वापस लौट के दौरान हादसे में तीन लोगों की मौत हो जाने से सोनी परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़। जैसे ही दोपहर को कांशीनगर बस्ती में मां, बेटे और नाती की लाश पहुंची बस्ती में कोहराम मच गया और जहां तीनों का एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र कटघोरा से पसान रोड अमलडीहा में मंलवार की सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। अमलडीहा के पास उसने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर बाइक को रौंदते हुए सड़क किनारे खेत में जा घुसा। हादसे में बाइक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि घटना में घायल महिला को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# पत्नी के हत्यारे पति को मिली आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन साल पूर्व एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी।

**खास बात**

- 11 नवंबर 2022 को हुई थी घटना, साक्ष्यों के आधार पर सुनाई गई सजा

इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपी धरम सिंह ने अपनी पत्नी रजनी सिदार को नवंबर 2022 में हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने मामले को न्यायालय में पेश किया था। प्रकरण में यह तथ्य प्रमाणित है कि आरोपी धरम सिंह सिदार अदातन शरीबी था और आये दिन शराब पीकर अपनी पत्नी मृतिका रजनी से मारपीट करता था 11 नंबवर 2022 को आरोपी धरम सिंह सिदार अपनी पत्नी से सौ रू लेकर शराब पीने चला गया था। शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी रजनी से बोला कि मेरी मोटर सायकल पुराना हो चुका है नया लेना है उसके लिए मुझे एक लाख रूपये दो पैसा नहीं मिलने धरम सिंह सिदार अपनी मृतिका रजनी की हत्या कर दी थी। आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। मामले में तत्कालीन कुसमुंडा थाना प्रभारी मंयक मिश्रा ने विवेचना की थी।



आरोपी।

# प्राचार्य को हटाने की मांग लेकर पीड़ित की मां धरने पर बैठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली हाईस्कूल में पदस्थ प्राचार्य मनोज सराफ पर अपने ही

**खास बात**

- पाली हाई स्कूल प्राचार्य पर व्याख्याता से मारपीट का आरोप

व्याख्याता के साथ मारपीट किये जाने का आरोप लगा है। मारपीट से आहत व्याख्याता ने घटना की लिखित शिकायत थाने में दी है तो पीड़ित की वृद्धा मां प्राचार्य को हटाए जाने की मांग लेकर स्कूल मुख्य गेट में धरने पर बैठ गई है। प्राचार्य द्वारा व्याख्याता से मारपीट किये जाने का यह मामला बीते 27 अप्रैल की है।

जानकारी के अनुसार पाली में पदस्थ भौतिकी व्याख्याता प्रखर पांडेय के साथ प्राचार्य मनोज सराफ का विभागीय खींचतान बीते कुछ महीनों से चलता आ रहा है। घटना दिनांक को प्राचार्य श्री सराफ ने व्याख्याता प्रखर पांडेय को अपने कक्ष में बुलाया और विभागीय मामले को लेकर कहासुनी होते-होते एकाएक मामला मारपीट में तब्दील हो गया। पीड़ति व्याख्याता ने बताया कि इस दौरान सराफ अपने हाथ मे चप्पल लेकर उन्हें मारने के लिए दौड़ाने लगे। व्याख्याता किसी तरह मौके से भागे लेकिन प्राचार्य उन्हें ⏭ शेष पेज 3 पर

### लिखित शिकायत नहीं हुई है

इस मामले की शिकायत अभी तक लिखित रूप से नहीं हुई है। किन्तु घटना की जानकारी उन्हें जनप्रतिनिधि के द्वारा मौखिक रूप से मिली है। लिखित शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी।
**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ



धरने में बैठी पीड़ित की मां।

### प्राचार्य की मनमानी को बताई जा रही वजह

प्राचार्य मनोज सराफ द्वारा व्याख्याता प्रखर पांडेय के साथ खींचतान व मारपीट जैसी नौबत की वजह प्राचार्य की मनमानी को बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जीव विज्ञान, रसायन व भौतिकी का प्रायोगिक सामाग्री से संबंधित 4 वर्ष का कोई एंट्री फिजिक्स स्टाक रजिस्टर में नही है, इसके अलावा भेजे गए प्रोजेक्टर में से कुछ गायब है। जिससे संबंध में भी कोई लेखा- जोखा नही है। भौतिकी व्याख्याता प्रखर पांडेय को इस मामले में फिजिक्स रजिस्टर पर फर्जी संधारण करने दबाव बनाया जा रहा था, व्याख्याता द्वारा उक्त कृत्य को लेकर मना किये जाने के परिणामस्वरूप इस विवाद की उपज होना बताया जा रहा है। फिलहाल मौजूदा घटना को लेकर सच्चाई क्या है यह तो प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### खराब हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत एवं सार्वजनिक स्थानों में प्याऊ की व्यवस्था के निर्देश

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का हो गुणवत्तापूर्ण निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर 1 मई से 10 जून तक प्रदेश के सभी स्थानों में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार की तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित राजस्व, पेंशन तथा राशनकार्ड से संबंधित आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि 1 मई से 10 जून तक शहर के वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। संबंधित जिला अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे तथा आवेदकों को इसकी जानकारी भी देंगे। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शिविर स्थलों में पर्याप्त पेयजल, ओआरएस पैकेट, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर स्थलों पर छाया, पंखे तथा कूलर की व्यवस्था करने को भी कहा। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने टीएल में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के महत्वपूर्ण प्रकरणों की भी समीक्षा कर निराकरण में तेजी लाने कहा। खाद एवं बीज भंडारण तथा वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने ग्राम स्तर पर कोटवारों द्वारा मुनादी करने तथा एग्रीस्टेक पोर्टल पर धान खरीदी हेतु किसानों का पंजीयन 31 मई से पूर्व अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर मिशन मोड में कार्य करने तथा आवश्यकतानुसार पटवारियों की ड्यूटी लगाने को कहा। बैठक में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने तथा महत्वपूर्ण व्यक्तियों, पुराने जमीदारों, मंदिरों, वैद्यराजों, गुनियाओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क कर पांडुलिपियों की जानकारी जुटाने व पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन योगदानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करने को कहा। गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने पूरे जिले में पेयजल आपूर्ति बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत तथा शिकायत मिलते ही तत्काल सुधार सुनिश्चित करने ⏭ शेष पेज 3 पर



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### पण्डो परिवार मिले सहायक आयुक्त से

**कोरबा।** जिले के विभिन्न विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल गांवों में निवासरत विशेष पण्डो जनजाति को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। विकासखंड कोरबा, पोड़ीउपरोड़ा व पाली के 48 गांव में 700 परिवार में लगभग 3500 की जनसंख्या में विशेष पण्डो जनजाति निवासरत हैं। ये लोग महामहिम राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले संरक्षित जाति के अंतर्गत आते हैं। विडम्बना है कि आज तक शासन की योजनाओं का लाभ इन पण्डो जनजाति को नहीं मिल रहा है जिसके कारण आर्थिक कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। इनकी मांग है कि इन्हें भी पी.व्ही.टी.जी. में शामिल किया जाए, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में सीधी भर्ती का लाभ प्रदान किया जाए, मिसल बंदोबस्त नहीं होने से ग्राम सभा से सरलीकरण करके जाति-निवास बनवाया जाए।

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग अध्यक्ष की जनसुनवाई आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 29 अप्रैल को जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई करेंगी। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में बुधवार 29 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः 10 बजे 'शी सर्वज' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय लखीराम ऑडिटोरियम, कंपनी गार्डन के पास किया जाएगा। सुबह 11:30 बजे कलेक्टोरेट स्थित मंथन मीटिंग हॉल में बैठक होगी। दोपहर 1 बजे से जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी, जहां महिलाएं घरेलू हिंसा, कार्यस्थल उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों की शिकायत सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। दोपहर 3 बजे यशोदा एआई विषय पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं लघु उद्यम से जुड़ी लगभग 200 महिलाओं के साथ संवाद किया जाएगा।

### 1 मई से 73 शिविरों के साथ सुशासन तिहार

**बिलासपुर।** 1 मई से दो बड़े अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए 73 शिविरों के साथ सुशासन तिहार और जनगणना कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक लेकर 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार और जनगणना कार्य की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को 30 अप्रैल तक सभी लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश देते हुए दोनों महत्वपूर्ण अभियानों को सफल बनाने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा। श्री अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित टीएल बैठक में जिले में शुरू होने जा रहे दो बड़े अभियानों सुशासन तिहार और जनगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

### 58.55 करोड़ के निवेश से 18 नए उद्योग स्थापित

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक आज कलेक्टर परिसर स्थित मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने तथा निवेश संबंधी प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में नवीन उद्योग स्थापना, शासकीय एवं निजी भूमि के संयुक्त स्थल निरीक्षण, भूमि हस्तांतरण एवं अधिग्रहण, उद्योग स्थापना में आने वाली समस्याओं के निराकरण, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा निजी सीबीएसई विद्यालय एवं मिनी मॉल की स्थापना करने संभावित नगरीय निकायों/विकासखंडों के संबंध में चर्चा की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बिलासपुर के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक सी.डी. प्रसाद ने बताया कि कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 18 उद्योग स्थापित हुए हैं।

### दलहन तिलहन की भी सरकार समर्थन मूल्य पर कर रही खरीदी

**बिलासपुर।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की खरीदी की जा रही है। इस पहल से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है और बाजार के उतार-चढ़ाव से राहत मिल रही है। जिले में बिल्हा, सेदरी, जयरामनगर, तखतपुर और कोटा स्थित 5 सोसाइटी के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था की गई है। इन केंद्रों पर चना 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों 6500 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य तय किया गया है। अब तक जिले में कुल 548 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिससे योजना के प्रति किसानों की बढ़ती रुचि स्पष्ट हो रही है। वर्तमान में 5 किसानों से 26 क्विंटल चना तथा 8 किसानों से 90 क्विंटल सरसों की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से अपील की गई है कि वे सरसों फसल के लिए 30 अप्रैल एवं चना फसल के लिए 15 मई तक किसान समिति के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट की बत्ती गुल, 40 हजार घरों में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने के लिए शुरू की गई अमृत मिशन योजना में आई खराबी ने मंगलवार को 40 हजार घरों को टैंकरों के भरोसे छोड़ दिया। दरअसल सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण बिरकोना फिल्टर प्लांट की बिजली गुल हो गई थी। इसके कारण शहर भर में पानी सप्लाई ठप हो गई। इस भीषण गर्मी में 16 वार्डों के लोग परेशान हो गए। हाहाकार सा मच गया। निगम ने वार्डों में टैंकर जरूर भिजवाए लेकिन वह नाकाफी रहे। टैंकर पहुंचते ही लोग बर्तन लेकर लाइन में लगकर पानी भरने को मजबूर रहे।

- सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण प्लांट की लाइट चली गई थी
- निगम ने वार्डों में टैंकर जरूर भिजवाए लेकिन वह नाकाफी रहे, लोग परेशान

नगर निगम की अमृत मिशन योजना के तहत संचालित बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में सोमवार लाइट गुल हो गई। निगम के पास इसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है इसलिए मंगलवार की सुबह से लेकर शाम तक पानी सप्लाई ठप हो गई। देर शाम जब लाइट आई तो प्लांट से पानी आपूर्ति शहर में की गई और राहत मिली।





### शहर भर में जल संकट गहराया

इसके साथ ही शहर के कई इलाकों में भीषण गर्मी के बीच जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। औद्योगिक परिक्षेत्र सिरगिटटी, हेमू नगर के कई इलाके,जैकब चाल, गणेश नगर, नयापारा और शिव टॉकीज चौक जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति ठप होने से हाहाकार मचा हुआ है। तालापारा में महिलाएं और बच्चे भीषण गर्मी में घंटों लाइनों में लगकर पानी भरने को मजबूर हैं। कई इलाकों में तो सुबह होने से पहले ही कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

### लोगों ने चंदा करके बनवाया मोटर

गणेश नगर नयापारा में भी पानी समस्या गंभीर होती जा रही है। यहां लगाया गया बोर फेल हो गया है तो मोटर पंप जल गया है। अधिकारियों से कई बार चर्चा करने के बाद भी जब निराकरण नहीं हुआ तो मोहल्ले के लोगों ने 20 हजार रुपए चंदा किया और मोटर बनवाया। यहां की निवासी प्रीति यादव और उमा यादव ने बताया कि टैंकर से पानी सप्लाई भी नहीं होती और ना ही कोई जनप्रतिनिधि देखने तक आता है। कह दिया जाता है कि क्षेत्र निगम में नहीं है।

### टैंकरों के भरोसे शहर

ध्यान रहे कि जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम ने 22 टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है, लेकिन यह व्यवस्था घनी आबादी वाले इलाकों के लिए नाकाफी साबित हो रही है। तालापारा, मगरपारा, सरकंडा, जरहाभाठा, चांटीडीह, चिंगराजपारा सहित कई क्षेत्रों में लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में विवाद और नाराजगी की स्थिति बन रही है। लाइट नहीं होने के कारण तारबाहर, विनोबा नगर, क्रांतिनगर, विद्यानगर, अज्ञेय नगर और हेमूनगर में भी सुबह पानी नहीं आया।

### लाइट बनने के बाद पानी की आपूर्ति की गई

सोमवार की शाम आंधी और बारिश के कारण बिरकोना फिल्टर प्लांट की बिजली गुल हो गई थी। इस कारण मंगलवार की सुबह कई क्षेत्रों में पानी सप्लाई बाधित हुई। शाम को लाइट बनने के बाद पानी आपूर्ति की गई।

\- **अनुपम तिवारी,** जल विभाग प्रभारी

**तखतपुर के भाड़म की घटना :** शादी का भोजन करने से बिगड़ी थी तबियत

# तीन दिन से फैल रहा डायरिया, बच्ची की मौत के बाद नींद से जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते 9 वर्षीय बच्ची को जान गंवानी पड़ी है, घटना तखतपुर क्षेत्र के भाड़म गांव की है, जहां डायरिया फैलने से 3 परिवार के करीब दर्जन भर लोग बीमार है, 3 दिनों से फैला डायरिया की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मचारी गांव पहुंचें और 6 लोगों की जांच की खानापूर्ति कर लौट गए है।

तखतपुर क्षेत्र में इन दिनों डायरिया का प्रकोप फैला है, गांवों में लगातार डायरिया के मरीज मिल रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग का अमला नदारद है। भाड़म गांव में बीते 3 दिनों से डायरिया के मरीज मिल रहे है, अबतक 13 लोगों को डायरिया ने अपनी चपेट में ले लिया है। रविवार से लोगों को उल्टी और दस्त से पस्त होने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं बीती रात गांव में डायरिया के चलते 9 वर्षीय बच्ची पीहू लोधी पिता राम सागर लौधी की मौत हो गई है। खास बात यह है कि जिस घर में बच्ची की मौत हुई है, वहीं 6 से अधिक सदस्य डायरिया से पीड़ित है। डायरिया फैलने की जानकारी मितानिनों को पहले से ही थी, लेकिन सोमवार को स्वास्थ्य विभाग का कोई भी कर्मचारी और अधिकारी गांव नहीं पहुंचा, ना ही किसी तरह का कैंप किया गया है, परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने से बच्ची की मौत हुई है। वहीं बच्ची की मौत के बाद तखतपुर बीएमओ ने सर्वे करने के लिए टीम भेजी है लेकिन महज खाना पूर्ति कर टीम लौट गई है।



स्वास्थ्य विभाग की टीम खानापूर्ति करके लौट आई।

### उपस्वास्थ्य केन्द्र में नहीं है डाक्टर और स्टाफ

सबसे गंभीर बात यह है कि भाड़म में पूर्व सरपंच सीताराम सीगौर ने सरकारी फंड से उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया है, लेकिन उन्हीं के घर में बच्ची की मौत हो गई है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि सुपरवाइजर पिछले तीन दिन से नदारद थी। वहीं सोमवार को सीएचओ ने दवा का वितरण किया था। पूर्व सरपंच ने बताया कि गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र की बिल्डिंग बन चुकी है, लेकिन इतने सालों में कभी भी कोई डाक्टर झांकने तक नहीं आया है। इस बारे में बीएमओ, सीएमएचओ और कलेक्टर तक को ज्ञापन दिया गया है लेकिन ना ही डाक्टर की पदस्थापना की गई और ना ही स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहते है।

### बीएमओ ने नहीं उठाया फोन

यह पहला मामला नहीं है जब तखतपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। कई बार हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली पर संज्ञान लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई है, इसके बाद भी अधिकारियों का रवैया जस का तस है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए बीएमओ डॉ उमेश साहू से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा।

### 6 लोगों की गई जांच

जैसे ही डाक्टरों को डायरिया के बारे में पता चला था, टीम भेजी गई थी। 6 लोगों की जांच की गई है। जिस बच्ची की मौत हुई है उसे उल्टी दस्त के साथ ही बुखार की शिकायत थी।

\- **डॉ प्रमोद तिवारी,** प्रभारी आईडीएसपी विंग, स्वास्थ्य विभाग

# विवि पर झूठा केस दर्ज कराने की धमकी देकर अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन, गेम्बलिंग के चक्कर में लापता हुए छात्र के मामले में विश्व विद्यालय प्रबंधन पर झूठा केस दर्ज कराने की धमकी देकर हंगामा मचाकर अपमानित करने, अवैध वसूली करने एवं छात्रा को अपशब्द बोलकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने छात्र के पिता व चाचा के खिलाफ दो अपराध दर्ज दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. साकेत सिंह चंदेल ने रिपोर्ट लिखाई कि 6 मार्च 2026 को बिना सूचना के हॉस्टल से छात्र रोहित कुमार कहीं चला गया। विश्वविद्यालय ने उसी रात लगभग 11 बजे कोटा थाने में गुमशूदगी की लिखित सूचना दी एवं मोबाइल के माध्यम से छात्र के पिता अमरेन्द्र कुमार को बिहार में सूचना दी गई।7 मार्च को छात्र के पिता अमरेंद्र कुमार, चाचा निखिल कुमार अपने साथियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर आए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन के पूर्ण सहयोग एवं सहानुभूति के बावजूद अत्यंत आक्रामक एवं अमर्यादित व्यवहार किया। परिजनों के द्वारा किडनैपिंग, मर्डर, छात्र को गायब करने एवं जानबूझकर विश्वविद्यालय में रैगिंग होने की झूठी अफवाह फैलाकर छात्र छात्राओं को भड़काने का प्रयास किया गया। इस प्रकार से झूठे एवं संगीन आरोप लगाते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां निरंतर दी जा रही थी। गुमशुदा छात्र के पिता, चाचा एवं उसके साथियों द्वारा अपराधिक आशय से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफर्म पर प्रसारित किया गया। फार्मेसी विभाग की शिक्षिका एवं उनके फोन पर अमर्यादित बातचीत एवं वाद्सएप के माध्यम से दुर्व्यवहार किया गया। कैंपस में रैगिंग एवं पढ़ाई नहीं होने जैसी झूठी अफवाह फैलाकर वातावरण बिगाड़ने की कोशिश की गई।



- छात्र के पिता, चाचा के खिलाफ जुर्म दर्ज, गए जेल
- लापता छात्र ऑनलाइन गैम्बलिंग का आदि था, नागपुर से बरामद किया गया
- छात्रा को अपशब्द बोलकर वीडियो वायरल करने की धमकी

### अनुचित मांग और धमकी

गुमशुदा छात्र रोहित कुमार ऑनलाइन, गेम्बलिंग में संलिप्त रहा है। छात्र के परिजन द्वारा प्रशासनिक भवन के कुलसचिव कार्यालय एवं अन्य विभागों में बार बार अनाधिकृत प्रवेश कर अमर्यादित व्यवहार करते हुए अनुचित रूप से पैसों की मांग 16 मार्च को शाम 4 बजे की गई। स्पष्ट धमकी दी गई पैसा नहीं देने पर विश्वविद्यालय पर झूठा केस दर्ज कर देंगे। अधिकारियों द्वारा विवश होकर 19 मार्च को 5 हजार रुपए नकद, 8 अप्रैल को को उनके द्वारा दिए बैंक खाते में 14 हजार रुपए डाले गए। गुमशुदा छात्र के परिजनों द्वारा बिना किसी आधार के छात्राओं का नाम लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर सार्जजनिक रूप से अपमानित एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। पुलिस ने डा. चंदेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 1, 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### छात्रा को अश्लील शब्द बोलकर किया अपमानित

कोनी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। लापता छात्र रोहित कुमार के पिता अमरेन्द्र कुमार ने उन पर प्रेम संबंध संबंधी अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए उठवा लेने की धमकी दी गई। धमकी देने के दौरान उनके द्वारा वीडियों बनाकर सोशल मीडियों में वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर छात्र के पिता अमरेन्द्र कुमार के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

डेढ़ माह सारे उपाय कर लापता छात्र को खोज लिया गया है। ऑनलाइन, गेम्बलिंग के चक्कर छात्र लापता हुआ था। इस दौरान छात्र के परिजन ने धैर्य का परिचय नहीं दिया। प्रबंधन पर झूठा आरोप लगाकर हंगामा मचाकर अवैध वसूली की गई। छात्रा को अपशब्द बोलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है। कोटा व कोनी थाने में दो प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता व चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

\- **रजनेश सिंह,** एसएसपी

# नशे में तथाकथित पत्रकार ने थाने के अंदर मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बीती रात नशे में तथाकथित पत्रकार ने थाने के अंदर 2 घंटे तक हंगामा मचाते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाला। यह युवक डीओ अधिकारी के टेबल में चढ़कर गाली गलौज करते हुए पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी कर रहा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे पकड़कर जमकर खातिरदारी की । उसके बाद वह शांत हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

- डीओ अधिकारी के टेबल में चढ़कर धमकी दी तुम सब की नौकरी खा जाउंगा

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि 27 अप्रैल को रात 9 बजे आर्दशनगर सिरगिट्टी निवासी तथाकथित पत्रकार हर्ष यादव पिता पुन्नीलाल यादव शराब के नशे में थाने के अंदर गाली गलौज कर रहा था। उसके चेहरे, हाथ-पैर में चोंट भी लगी थी। पूछने पर उसने कुछ भी स्पष्ट नहीं बताया और मंदिर के पास मारपीट हुआ है कहता रहा। युवक ने अत्याधिक शराब के नशे में था। पुलिस ने उसे रिपोर्ट लिखाने कहा तो वह थाने में मौजूद स्टाफ के साथ ही गाली गलौज करने लगा। युवक रात्रि अधिकारी के टेबल में बैठकर हुज्जतबाजी करने लगा। प्रधान आरक्षक राम अवतार सिंह ने समझाइश दी तो युवक वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर ट्रांसफर कराने की धमकी देने लगा। दिवश अधिकारी के टेबल में खड़े होकर तुम लोगों की नौकरी खा जाउंगा कहते हुए रोजनामचा को खींचने लगा। साथ ही थाने में रखे फर्नीचर को लात से मारकर इधर उधर पटकने लगा। डाक्टरी मुलाहिजा कराने वाले फार्म को भी युवक ने फाड़ दिया और मुंशी मददगार को धक्का दे दिया। इसे मददगार शत्रुहन जगत दीवार से टकरा गया और उसके चेहरे में चोंट आई है। युवक बार बार मीडिया से जुड़ा हुआ हूं, मेरा सोशल मीडिया में कई सारे चैनल चलता हैं, मेरे लाखों फालोवर है और सबको थाना बुलाकर थाने में तोड़फोड़ करवा दूंगा कहता रहा। काफी हंगामे के बाद पुलिस ने प्रधान आरक्षक रामअवतार सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 121, 1, 121, 2, 132, 296, 351, 3, 224, 221 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## कैंसर पीड़ित युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** कैंसर पीड़ित युवक ने आपरेशन के दर्द से परेशान होकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा ने बताया कि 27 अप्रैल को उसलापुर अल्का एवेन्यू के आगे ट्रेन से कटे हुए एक व्यक्ति की लाश मिली थी। पतासाजी के दौरान 28 अप्रैल को मृतक की पहचान सकरी भरनी निवासी हरीश यादव पिता उदयराम यादव 44 साल के रूप में हुई। मृतक कैंसर से पीड़ित था। आपरेशन के बाद दर्द से परेशान होकर उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक 26 अप्रैल की दोपहर में घरवालों को बिना बताए निकल गया था। घर नहीं लौटने पर परिजनो ने गांव में पतासाजी की। नहीं मिलने पर दूसरे दिन खोजते हुए घुटकू रेलवे स्टेशन में जाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि 26 अप्रैल को एक युवक ट्रेन से टकरा गया था और उसकी मौत हो गई थी। सिविल लाइन थाने में जाकर पता कर ले।

## हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश 18 मई से 12 जून तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने नोटिफिकेशन जारी कर ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। जारी आदेश के तहत 18 मई सोमवार से 12 जून शुक्रवार तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इसके बाद 15 जून सोमवार से हाईकोर्ट में नियमित कामकाज प्रारंभ होगा। छुट्टियों के दौरान 19, 21, 26 और 28 मई, 2026 और 2, 4, 9 और 11 जून, 2026 को अवकाशकालीन कोर्ट लगेंगी। इसके साथ ही अवकाशकालीन न्यायाधीशों की बैठक और तत्काल मामलों तथा पुराने मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने के संबंध में इस तरह आदेश जारी किया है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान, सभी दीवानी, आपराधिक, रिट याचिका संबंधी मामले दर्ज किए जाएंगे। किसी भी आपात स्थिति में अवकाशकालीन न्यायाधीश, मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद किसी अन्य न्यायाधीश के साथ अपनी कार्यभार का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

**कछार प्लांट के साथ ही एसएलआरएम सेंटर भी पहुंचे तीन सदस्यीय अधिकारी**

# देश के टाप 18 शहरों में बिलासपुर शामिल, केन्द्र से काम देखने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में देश के 18 शहरों में बिलासपुर का चयन किया गया है। अब बिलासपुर नगर निगम सीमा के 70 वार्डों में विकास के काम होंगे। इसके लिए 135 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें सफाई के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास किया जाएगा।

- सिटीज 2.0 में प्रस्तावित कार्यों का अंतिम फील्ड वेरिफिकेशन किया

इसके निरीक्षण के लिए टीम शहर पहुंची और निगम द्वारा चल रही योजनाओं के साथ ही उपलब्ध कराई गई जमीन का निरीक्षण किया। केन्द्र की टीम में तीन सदस्य थे जबकि निगम की ओर से अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, संपदा अधिकारी प्रवेश कश्यप, इंजीनियर श्रीकांत नायर सहित अन्य अधिकारी थे। केन्द्रीय टीम कछार के में लग रहे बीपीसीएल को आबंटित जमीन देखने भी पहुंची। इसके साथ ही घुरू, तिफरा, सिरगिट्टी और छठघाट में बनाए गए एसएलआरएम सेंटर भी पहुंची और काम देखा।



गौरतलब है कि देश के 100 स्मार्ट शहरों में सिर्फ 18 शहरों का चयन दूसरे फेज के लिए किया गया है। इसमें बिलासपुर भी शामिल है। इसमें शहरों को ग्रीन व क्लीन बनाने के लिए शहर में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट यानी एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर खास ध्यान देने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए निगम ने कछार सहित कई जगहों पर जमीन उपलब्ध कराई है। मंगलवार को बिलासपुर पहुंची केन्द्र की टीम में शामिल जैलेन्द्र कश्यप, सीरियक कोथुरापाली और श्रीमती रिचा ठाकूर ने सिटीज 2.0 प्रोजेक्ट में प्रस्तावित कार्यों का अंतिम फील्ड वेरिफिकेशन किया।

### 100 करोड़ का निवेश करेगी बीपीसीएल

केन्द्रीय टीम कछार में पहुंची जहां 10 एकड़ भूमि पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा लगभग 100 करोड़ की लागत से एक आधुनिक कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह प्लांट रोजाना 150 मीट्रिक टन शहरी ठोस कचरे का उपयोग करके 5 से 10 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन करेगा। टीम ने जमीन समतलीकरण के साथ फेंसिंग काम देखा और निगम के अधिकारियों से पूछा कि कहीं जमीन में कोई कब्जा तो नहीं है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में काम शुरू करने के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है। बीपीसीएल ने कार्यों के लिए टेंडर भी कर दिया है।

### दूसरे फेज में यह कार्य किए जाएंगे

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत शहर में पूर्व से संचालित सालिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से बिजली बनाई जाएगी। खासकर खाद से सीएनजी तैयार करने की योजना है। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थ व्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षों में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

### पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास होगा

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में देश के 18 शहरों में बिलासपुर का चयन किया गया है। अब बिलासपुर नगर निगम सीमा के 70 वार्डों में विकास के काम होंगे। इसके लिए 135 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें सफाई के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल शहर का विकास किया जाएगा।

\- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## खबर संक्षेप

### लाखों छात्रों का इंतजार खत्म, आज जारी होंगे 10वीं-12वीं के रिजल्ट

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम 29 अप्रैल को जारी हो जाएंगे। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इसकी घोषणा कर छात्रों को खुशखबरी दी है। 29 अप्रैल की दोपहर 2:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि यह केवल अंकों की घोषणा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों व शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

### बिकन स्कूल में परिणाम घोषणा पर जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह



**ढेलवाडीह।** ज्ञान की देवी माँ सरस्वती पूजा कर ढेलवाडीह स्थित बिकन इंग्लिश स्कूल में नर्सरी से कक्षा 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025–26 के शुभारंभ, वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं उपस्थिति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश सह संयोजक (झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ) राजेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मीना शर्मा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, विमल मानिकपुरी, मंडल अध्यक्ष जवाली श्रवण तंवर, मंडल महामंत्री समजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि मोहनदास, दिलीप पटेल एवं मन्नू राठौर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर मेहनत, लगन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीना शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण श्रीमती शील प्रभा सोना, श्रीमती बसंती ठाकुर, श्रीमती सृष्टि देवांगन, सुश्री अन्नू मंडल, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, सुश्री स्वेता राणा, श्रीमती रीता यादव, श्रीमती केवट, सुश्री पल्लवी डहरिया, श्रीमती सीता पटेल, श्रीमती निशा राठौर, राजेश राठौर एवं दिलबोध महंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विषय विशेषज्ञों का टोटा

**कोरबा।** जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। शिक्षा विभाग की उदासीनता और भर्ती प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी के कारण पिछले तीन वर्षों से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्राचार्य को हटाने...

स्कूल के बाहर मुख्य सड़क पर भी दौड़ाकर मारने लगे, भागते हुए वे किसी तरह स्कूल के समीप अपने घर पहुँचे। बीपी के मरीज होने की वजह से दौड़ने के कारण उनके नाक से खून बहने लगा और वे घर पर ही बेसुध होकर गिर पड़े। परिजन किसी तरह पीड़ति को समीप के अस्पताल लेकर पहुँचे, जहां समय पर उपचार शुरू होने से गंभीर हालात टल गई। व्याख्याता ने इस घटना को लेकर प्राचार्य के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी है किन्तु घटनाक्रम से वे सदमे में है। उधर घटना को लेकर व्याख्याता की 65 वर्षीय वृद्धा मां श्रीमती सकुंतला पांडेय हाईस्कूल मुख्य गेट पर मनोज सराफ हटाओ, मेरे बेटे को बचाओ हाथ मे तख्ती लेकर धरने में बैठ गई है। उनकी मांग है कि प्राचार्य मनोज सराफ को पाली हाईस्कूल से अविलंब हटाया जाए, जब तक उन्हें न्याय नही मिल जाता वे रोजाना स्कूल समयावधि तक धरने पर बैठेगी।

### सुशासन तिहार...

को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में नदी एवं ढोढ़ी का पानी पीने की नौबत न आए। उन्होंने आवश्यक स्थानों में पानी टंकी की स्थापना, नए बोर खनन तथा आवश्यकता पड़ने पर टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्रामों में पाइपलाइन सुधार कर नियमित पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थानोंकृग्राम पंचायतों, बैंकों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड, बाजार और कलेक्ट्रेट परिसर में प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों एवं अन्य कार्यालयों के आसपास मिट्टी के घड़े एवं पानी पीने हेतु ग्लास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत मिलते ही संबंधित ग्राम का ट्रांसफार्मर जाँचकर तत्काल बदला जाए तथा बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत संबंधी समस्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए गए।

# जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण के कार्य में मिली सड़कों के अधूरे निर्माण की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में चल रहे सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत सड़कों के अधूरे निर्माण के साथ पीएम जनमन आवास के अधूरे रहने की रिपोर्ट टीम को मिल रही है। 27 क्षेत्रों का सर्वे किया जा रहा है। जिसमें रहन सहन के साथ शासकीय योजनाओं से जनजीवन में आ रहे बदलाव की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

बीते एक साल से ट्रायबल विभाग के द्वारा जिले के पिछड़े संरक्षित जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण अभियान के तहत पहले चरण में जनजातीय युवाओं के शिक्षा का सर्वे कर उन्हें रोजगार देने की दिशा पर कार्य करते हुए शिविर लगाए गए। जिसके तारतम्य में शिक्षित जनजातीय युवाओं को जिसमें पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति शामिल हैं इनके युवाओं को स्कूलों में भृत्य और शिक्षक के पद पर मानदेय के आधार पर पदस्थ किया गया। दूसरे सर्वेक्षण अभियान के तहत इन क्षेत्रों की शासकीय योजनाओं के तहत आ रहे बदलाव की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सर्वेक्षण दल के द्वारा जनजातीय क्षेत्रों का सर्वे कर मूलभूत सुविधाओं की जब रिपोर्ट लेना शुरू किया गया तब सड़कों के अधूरे निर्माण के साथ पीएम जन मन आवास के पूरे नहीं होने एवं हितग्राहियों के खाते में दूसरी किश्त नहीं आने की भी रिपोर्ट सामने आई। हालांकि विभागीय अधिकारियों के लगातार निरीक्षण में अधूरे कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया जा रहा है।

### 27 जनजातीय क्षेत्रों में चल रहा है सर्वेक्षण का कार्य

**खास बातें**

- मूलभूत सुविधाओं सहित योजनाओं की देखी जा रही है हकीकत



### क्षेत्र की दूरी बनी प्रमुख कारण

जिला मुख्यालय से 60 से 70 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण जनजातीय क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्य तक निर्माण सामग्री पहुंचाना ठेकेदारों के लिए मुश्किल भरा हो रहा है। गर्मी के मौसम में पहाड़ों का जल स्तर कम होने के कारण निर्माण में लगे ठेका कंपनियों को टैंकर से पानी लाने की नौबत आ रही है। यही कारण है कि सड़क और आवास निर्माण नियत समय पर नहीं चल पा रहे हैं। आवास के लेआउट को लेकर भी अंतर होने की शिकायतें प्रशासन को दी गई है।

## फर्जी भुगतान रोकने के लिए उठाया गया कदम

# गड़बड़ी रोकने मनरेगा के श्रमिकों के बैंक खातों की हो रही केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जी राम जी योजना लागू होने के बाद अब बड़े बदलाव हो रहे हैं। पूर्व में चल रही मनरेगा योजना से बने जॉब कार्ड का सत्यापन और श्रमिकों के बैंक खातों का केवायसी शुरू हो चुका है। पूर्व में हुए फर्जी भुगतान को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

कोरबा जिले में मनरेगा के तहत एक लाख 32 हजार जॉब कार्ड धारियों के बैंक खाते खुले थे। पूर्व में मजदूरी का नगद भुगतान किए जाने में होने वाली गड़बड़ी के मद्देनजर श्रमिकों के बैंक खाते खुलवाए गए और सीधा उनके खाते में मजदूरी भुगतान की राशि भेजी जाती रही है। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जहां बैंकिंग व्यवस्था नहीं थी वहां बैंक सखी और बैंक मित्र के माध्यम से मजदूरी का भुगतान होता था। इसमें भी गड़बड़ियां आने की शिकायत के बाद अब राज्य शासन ने इन बैंक खातों के केवायसी कराने एवं जॉब कार्ड का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें गड़बड़ियां सामने आने लगी है। कई ऐसे जॉब कार्ड थे जिनके श्रमिकों के द्वारा लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया था। ऐसे जॉब कार्ड को भी निरस्त किया जा रहा है। शासकीय सेवकों के परिवार की भी जानकारी इस सत्यापन के द्वारा ली जा रही है। जी राम जी योजना लागू होने के बाद भौतिक सत्यापन और केवायसी शुरू होने से पंचायतों के रिकार्ड भी दुरुस्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**खास बात**

- जी राम जी योजना लागू होने के बाद हो रहा बदलाव



फाइल फोटो

### पंचायतों में चस्पा होगी श्रमिकों की सूची

अब जी राम जी योजना के तहत काम करने वाले श्रमिकों की सूची सार्वजनिक होगी। इससे किस पंचायत में कितने श्रमिक कितने कामों में नियोजित हैं इसकी जानकारी आम ग्रामीणों को मिल सकेगी। श्रमिकों की सूची पंचायतों की बैठक में ही पारित होगी। अब केवल जरूरतमंद लोगों को ही काम दिया जाएगा और जरूरत वाले क्षेत्रों में ही काम की स्वीकृति मिलेगी। पंचायतों से आने वाले प्रस्तावों का भी परीक्षण किया जाएगा और एक बार स्वीकृत हुए कार्य को दोबारा उस पंचायत में स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इसके भी निर्देश पंचायतों में जारी कर दिए गए हैं।

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने लापरवाही पर चार प्रतिष्ठानों पर लगाया 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शहर सहित जिले भर के होटल-ढाबों सहित अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग को नियमित जांच अभियान चलाने एवं गड़बड़ी मिलने पर तत्काल दण्डराशि अधिरोपित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नियमित जांच अभियान चलाने के लिए संयुक्त जांच दल का भी गठन किया हैं जिसमें संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी औषधि निरीक्षक एवं नमूना सहायक को शामिल किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल ने मंगलवार को खाद्य से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को टीम ने लक्ष्मी स्वीट्स की आकस्मिक जांच की तथा होटल में शासन द्वारा निर्धारित स्वच्छता मानको की अवहेलना करते पाए जाने पर 10 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री, आरूषि स्वीट्स एवं गोल्डन आईस फैक्ट्री की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान आइस फैक्ट्री एवं मिठाई दुकान में भारी गंदगी मिली। स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना पर संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री पर 2 हजार, आरूषि स्वीट्स के संचालक गणेश कुमार पर 25 हजार एवं गोल्डन आइस फैक्ट्री पर 3 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। अभिहित अधिकारी नितेश मिश्रा ने बताया कि संयुक्त टीम की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

## अवैध कोयला खनन के विरुद्ध सीआईएसएफ ने चैनपुर में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

एसईसीएल दीपका खनन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने एसईसीएल स्टाफ एवं स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर चैनपुर गांव में विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान टीम ने गांव के सरपंच विनोद टिकम से भेंट कर ग्रामीणों को एकत्रित किया तथा उन्हें अवैध कोयला खनन एवं अनाधिकृत कोयला परिवहन के गंभीर कानूनी परिणामों की जानकारी दी। ग्रामीणों को समझाया गया कि एसईसीएल दीपका खनन क्षेत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्तता दंडनीय अपराध है। गांव के सरपंच विनोद टिकम ने सीआईएसएफ के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों एवं प्रशासन को दें। सीआईएसएफ द्वारा चलाया गया यह अभियान क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध कोयला परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।




## विद्युत लोड की सही जानकारी देकर बिजली संकट से बचें : अम्बस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गर्मी बढ़ने के कारण घरों तथा विभिन्न संस्थानों में कूलर और एसी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। कई बार उपभोक्ताओं द्वारा बिजली कनेक्शन में जितना लोड रिकार्ड है उससे कई गुना अधिक उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ट्रांसफार्मर के डीओ गिर रहे हैं साथ ही बार-बार फ्यूज उडने की शिकायत भी प्राप्त हो रही है परिणामस्वरूप लोगों को कई बार बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- ट्रांसफार्मरों में अत्याधुनिक लोड से विद्युत आपूर्ति में हो रही समस्या



ए के अम्बस्ट

राज्य में बिजली उत्पादन तथा उसकी आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो रही है, परंतु समस्या स्थानीय स्तर पर है विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा घरों के बिजली कनेक्शन में जितना लोड ले रखा है उससे कहीं अधिक खपत किया जा रहा है, जिन घरों में कूलर और पंखे चला करते थे वहां पर अब एक नहीं दो और तीन एसी चल रहे हैं, जहां कूलर हैं वहां पर एक के स्थान पर तीन या उससे अधिक उपयोग किया जा रहा है। इस क्षमता के अनुरूप ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं होने के कारण ट्रांसफार्मरों का फ्यूज उड़ने और उनका डीओ गिरने से लोगों को बार-बार विद्युत आपूर्ति में कठिनाईयों का सामना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए विभाग ने प्रत्येक जोन कार्यालय में कर्मचारियों को तैनात रखा है, जैसे ही सूचना मिलती है वे वहां पहुंचकर ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य करते हैं। कई बार लोड ज्यादा होने तथा हुकिंग के माध्यम से बिजली चोरी रोकने के लिए अनेक स्थानों पर लगाए गए केबलों में अत्याधिक गर्मी और धूप के कारण केबल आपस में चिपककर शार्ट होने लगे हैं। जिसकी वजह से कई स्थानों पर केबल पर शार्ट सर्किट की वजह से तार टूट जाते हैं, परिणामस्वरूप विद्युत प्रवाह बाधित हो जाती है। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्थ ने बताया कि आम जनता अगर अपने घरों के खपत की सही जानकारी विभाग को दे तो उसकी क्षमता के अनुसार ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या को कम किया जा सकता है। इस संबंध में श्री अम्बस्थ ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर के स्वीकृत लोड का आकलन हर माह किया जाता है। लगातार 3 माह तक स्वीकृत भार से अधिक बिजली बिल की खपत होने पर स्वतः ही अधिकतम बिजली भार (लोड) के अनुसार बिल जारी किया जाता है और अधिकतम भार को ही मान्य किया जाता है।

## बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने जगन्नाथ मंदिर प्रांगण के जीर्णोद्धार हेतु किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



षेत्र की धार्मिक आस्था के केंद्र और सामाजिक समरसता के प्रतीक वार्ड क्रमांक 6 शांतिनगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने मंदिर प्रांगण के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। शांतिनगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण का जीर्णोद्धार 2.49 लाख रुपए में होगा।

भूमिपूजन के दौरान अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि मंदिरों का जीर्णोद्धार न केवल हमारी संस्कृति को सहेजने का माध्यम है बल्कि यह क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बेहतर आध्यात्मिक वातावरण भी तैयार करता है। उन्होंने बताया कि 2.49 लाख की लागत से होने वाले इस कार्य से मंदिर प्रांगण सुव्यवस्थित होगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। विकास कार्यों में जनमानस की आस्था का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है। जगन्नाथ मंदिर के इस जीर्णोद्धार से शांतिनगर क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी। लंबे समय से मंदिर परिसर के विकास की मांग की जा रही थी, जिसे अध्यक्ष ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृत कराया। कार्य की शुरुआत होने पर स्थानीय निवासियों ने आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, वार्ड 10 पार्षद प्रमोद सोना, वार्ड क्रमांक 23 पार्षद दिलीप दास, वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुर्रे व देव राजपूत, नकुल पटेल, लक्ष्मी मानिकपुरी सहित उत्कल समाज पदाधिकारी व आसपास के वार्डवासी उपस्थित थे।

## एसईसीएल सह प्रबंध निदेशक को रजनीश तिवारी ने लिखा पत्र

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं रायगढ़ जिला के प्रभारी रजनीश तिवारी ने एसईसीएल के सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहान एक पत्र लिखकर यह मांग करते हुए कहा कि समस्त एसईसीएल की इकाइयों में पूर्व के भांति 2 लाख के अंदर के निविदा कार्यों को पुनः सुचारू रूप से कार्य को बहाल किया जावे जिससे प्रबंधन और क्षेत्र के भुविस्थापित बेरोजगार एवं कोल इंडिया के अनुसांगिक कंपनी में कार्य करने वाले मजदूरों के बेरोजगार पुत्रों को रोजगार स्वरूप कार्य मिलने पर उनके कुशल जीवन यापन चल सके उक्त मांग को रजनीश तिवारी ने अपने पत्र के माध्यम से बताया कि बीते कई वर्षों से रह रहे श्रमिकों के बेरोजगार पुत्र एवं भुविस्थापितों की संख्या दर पर दर निरंतर बढ़ती जा रही है और क्षेत्र में विस्फोटक स्थिति निर्मित हो रही है उक्त मांग पत्र को पूर्व में आए केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के भी संज्ञान में करते हुए उनका भी इस और ध्यान आकर्षण करवाया गया था ।



रजनीश तिवारी

## पीएम आवास योजना की राशि में गड़बड़ी, रोजगार सहायक पर लगा आरोप

**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करूमौहा के निवासी भागीरथी पिता पिला बाबू ने रोजगार सहायक पर आरोप लगाते हुए मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2019-2020 में उनके नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आईडी सीएच 2295967 से आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी कुल राशि 1 लाख 20 हजार रुपये चार किस्तों में जारी की गई।

आरोप है कि ग्राम के रोजगार सहायक पवन कुमार धिरहे ने फर्जी तरीके से जियो टैगिंग कर आवास निर्माण पूर्ण दिखा दिया, जबकि वास्तविकता में आवास का कार्य आज तक प्रारंभ भी नहीं हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार, रोजगार सहायक उन्हें बैंक ले जाकर किस्तों की राशि निकलवाता रहा और यह कहकर पूरी रकम अपने पास रख ली कि जब आवास स्वीकृति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी,तब वह घर बनवा देगा। बाद में जब भागीरथी ने अपने बैंक खाते की एंट्री करवाई और परिवार को जानकारी दी।

समक्ष : श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, तह. एवं जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं प्रकाश कुमार श्रीवास (PRAKASH KUMAR SHRIWAS) उम्र 34 वर्ष, पिता- मोहन लाल श्रीवास, निवासी मकान नं. 224, 1 नं. दफाई सुराकछार, वार्ड नं. 56, भैरोताल, कोरबा जिला-कोरबा छ०ग० का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

01. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार नं. 3352 8907 1288 है।

02. यह कि, मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम मोहन लाल श्रीवास (MOHAN LAL SHRIWAS) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे कक्षा 10वी और कक्षा 12वी के अंकसूची तथा बी.ए. ग्रेजुएसन मेरे पिता का नाम मोहन लाल (MOHAN LAL) दर्ज है।

03. यह कि, मेरे कक्षा 10वी और कक्षा 12वी के अंकसूची तथा बी.ए. ग्रेजुएसन में मेरे पिता का नाम मोहन लाल (MOHAN LAL) और मोहन लाल श्रीवास (MOHAN LAL SHRIWAS) ये दोनो ही नाम एक व्यक्ति का है अर्थात मेरे पिता का ही नाम है।

04. यह कि, शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
**प्रकाश कुमार श्रीवास**

समक्ष : श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, तह. एवं जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं प्रकाश कुमार श्रीवास (PRAKASH KUMAR SHRIWAS) उम्र 34 वर्ष, पिता- मोहन लाल श्रीवास, निवासी मकान नं. 224, 1 नं. दफाई सुराकछार, वार्ड नं. 56, भैरोताल, कोरबा जिला-कोरबा छ०ग० का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं :


01. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार नं. 3352 8907 1288 है।

02. यह कि, मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, एवं अन्य सभी दस्तावेजो मे मेरा नाम प्रकाश कुमार श्रीवास (PRAKASH KUMAR SHRIWAS) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे कक्षा 10वी और कक्षा 12वी के अंकसूची तथा बी.ए. ग्रेजुएसन मेरा नाम प्रकाश कुमार (PRAKASH KUMAR) दर्ज है।

03. यह कि, मेरे कक्षा 10वी और कक्षा 12वी के अंकसूची तथा बी.ए. ग्रेजुएसन में मेरा नाम प्रकाश कुमार (PRAKASH KUMAR) और प्रकाश कुमार श्रीवास (PRAKASH KUMAR SHRIWAS) ये दोनो ही नाम एक व्यक्ति का है अर्थात मेरा ही नाम है।

04. यह कि, शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करना हैं

शपथकर्ता
**प्रकाश कुमार श्रीवास**






## खबर संक्षेप

### संभागीय स्पर्धा में केवी-2 के छात्र अन्वेषा और रुद्राक्ष का हुआ चयन



**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी कोरबा के छात्र रुद्राक्ष पांडेय ने केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग अंतर्गत आयोजित 55वीं संभाग स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। अंडर-14 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में रुद्राक्ष पांडेय ने तृतीय विजेता का खिताब हासिल करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा आठवीं अ की ही होनहार छात्रा अन्वेषा निर्मलकर ने बालिका वर्ग में रजत पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए भी कर लिया गया है, जो संभवतः सितंबर माह में केरल में आयोजित होगी। यह दो दिवसीय संभाग स्तरीय स्पर्धा 21 व 22 अप्रैल को महासमुंद में आयोजित हुई थी। छात्र रुद्राक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एनटीपीसी जमनीपाली की प्रभारी शाखा प्रबंधक श्रीमती नेहा पांडेय के सुपुत्र हैं।

### जिला पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान दो दिनों के भीतर 76 वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के तहत सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। 27 व 28 अप्रैल को जिला पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 27 अप्रैल को 7 स्थायी वारंटी एवं 19 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए, वहीं 28 अप्रैल को 19 स्थायी वारंटी एवं 24 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इसी तरह दो दिन के भीतर 26 स्थायी वारंटी एवं 50 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर कुल 76 वारंटियों/आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे।

## सारबहरा एवं बेला नाला में तैयार हुआ एनीकट

# पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने बन रहे एनीकट



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए ऐसे स्थानों में एनीकट तैयार किए जा रहे हैं जहां से बहने वाले पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग नहीं होता था। ऐसे क्षेत्रों के पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए एनीकट की योजना सिंचाई विभाग ने तैयार की थी। रुकबहरी क्षेत्र के सारबहरा नाला एवं बेला नाला में एनीकट बनकर तैयार हुआ है।

जिले के कई ऐसे पहाड़ी नाले हैं जो बारहमासी हैं। इनके पानी का उपयोग के लिए पंचायत स्तर पर यह विभागीय योजनाएं तैयार नहीं होती थी। जिससे इनके पानी का उपयोग खेती और निस्तारी के लिए नहीं हो पाता था। सिंचाई विभाग ने ऐसे पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए एनीकट तैयार किया है। इन एनीकट के आसपास गांव की एक बड़ी आबादी बसी होने से इनके पानी का उपयोग सब्जी की खेती एवं निस्तारी के लिए होने के साथ जल स्तर में भी बदलाव नजर आ रहा है। विभाग के द्वारा सारबहरा नाला, बेला नाला और परसाखोला नाला में एनीकट तैयार करने की योजना तैयार की थी। वर्ष 2020 में योजना को प्रस्तावित कर इस पर कार्य शुरू किया गया था। जिस पर सारबहरा नाला और बेला नाला में एनीकट बनकर तैयार हो चुका है। वहीं परसाखोला नाला के उपर एक बड़े क्षेत्र में एनीकट का काम लगभग पूर्णता की ओर है। इन तीन स्थानों में एनीकट के निर्माण से तीनों गांवों की बड़ी आबादी को लाभ मिला है। सब्जी की खेती इन क्षेत्रों में ना के बराबर होती थी। अब इन पहाड़ी नालों के किनारे और लिफ्ट एरिगेशन के सहारे पानी का उपयोग खेती के लिए किया जा रहा है। इनमें बेला नाला का पानी का कैचमेंट दोंदरों ग्राम तक होने के कारण दोंदरो पंचायत एवं बेलाकछार दोनों गांवों की आबादी लाभान्वित हुई है। साथ ही आवागमन के लिए एक छोटी पुलिया का साधन भी मिल चुका है।

### ईंट भट्ठों में भी हो रहा एनीकट के पानी का उपयोग

रुकबहरी क्षेत्र में चल रहे अवैध ईंटभट्ठों में भी सारबहरा नाला के एनीकट के पानी का उपयोग ईंट भट्ठा संचालक बेधड़क कर रहे हैं। इसी के साथ बेला नाला में बने एनीकट के पानी का उपयोग ईंट भट्ठा संचालकों के द्वारा किया जा रहा है। जबकि पानी की चोरी रोकने के लिए दोनों एनीकट में टाइम कीपर की भी तैनाती की गई है। उसके बावजूद बड़े बड़े पंप लगाकर पानी की चोरी ईंट भट्ठों के संचालकों के द्वारा लगातार किए जाने से इसकी भी शिकायत प्रशासन से की गई है।

### बदल रही ग्रामीण अंचलों की तस्वीर

भटगांव से लेकर परसाखोला, रुकबहरी, टापरा, दोंदरो और बेला क्षेत्र में गर्मी के समय जल स्तर नीचे होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी का संकट गहरा जाता था। मनरेगा से कुआं खोदने के बाद कुछ हद तक इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को राहत मिली थी। एनीकट बनन के बाद से बालको औद्योगिक क्षेत्र लगे होने के कारण इन ग्रामों में ग्रामीण अब सब्जी की खेती करने लगे हैं। कुछ किसानों ने सामूहिक रूप से भी खेती की तैयारी के लिए पंचायतों के माध्यम से शासकीय जमीन के आबंटन की भी मांग कर रहे हैं।

## बालको थाना में मैत्री हेल्पलाइन पर कार्यशाला

**कोरबा।** सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना बालको में मैत्री हेल्पलाइन विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा मरकाम के द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मैत्री हेल्पलाइन की जानकारी प्रदान करना तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती प्रतिभा मरकाम द्वारा हेल्पलाइन की उपयोगिता, पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, तथा महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं सामाजिक अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।




# कलेक्टर ने बीच राह रुककर परखी सड़कों की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत निरंतर मैदानी स्तर पर पहुंचकर विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वे ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर शासन की योजनाओं का जमीनी आंकलन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाली ब्लॉक के माखनपुर से जुनापारा तक निर्मित लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता को बारीकी से परखा और पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता सी एस तंवर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले भी वे देवपहरी से जामभाठा-सोनारी तक बनी सड़क का एक छोर से दूसरे छोर तक निरीक्षण कर चुके हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जेमरा से चैतुरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता व गति बनाए रखने के निर्देश दिए। तेज धूप के बावजूद कलेक्टर का बीच रास्ते में वाहन रोककर निरीक्षण करना उनके कार्य के प्रति समर्पण और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके इस सक्रिय और जिम्मेदार दृष्टिकोण से जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की उम्मीद की जा रही है।



निर्माण की जानकारी लेते कलेक्टर।

# शादी, घूमने या यात्रा पर जाने से पहले घर की सुरक्षा पहले करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत कोरबा पुलिस द्वारा नगरवासियों को घर की सुरक्षा एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सावधानियां अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि शादी समारोह, घूमने या यात्रा पर जाने से पहले अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि चोरी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। नागरिकों को सलाह दी गई है कि घर से बाहर जाने से पूर्व सभी दरवाजे एवं खिड़कियों को अच्छी तरह लॉक करें तथा कीमती सामान, नगदी एवं आभूषण सुरक्षित स्थान या बैंक लॉकर में रखें। इसके साथ ही घर की देखरेख के लिए किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जिम्मेदारी दें तथा अपने विश्वसनीय पड़ोसियों को बाहर जाने की जानकारी अवश्य दें। घर में सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी है तथा अनजान व्यक्तियों से घर संबंधी जानकारी साझा करने से बचें। घर से निकलने से पहले बिजली, गैस एवं पानी आदि की अच्छी तरह जांच कर ही बाहर जाएं। यात्रा पर जाने वाले परिवारों को सोशल मीडिया पर अपनी लोकेशन या यात्रा संबंधी जानकारी तुरंत साझा नहीं करने, बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा अपने सामान एवं दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।

